श्याम बुलावे राधा ना आवे

श्याम बुलावे राधा ना आवे,
आजा मेरी राधे रे अटरियाँ सुनी पड़ी,

मैं कैसे आउ मेरे दादा जी खड़े है,
मेरे दादा जी खड़े है मेरे ताऊ जी खड़े है,
पायल मेरी भजनी हो अटरियाँ सुनी पड़ी,

पायल उतार के लम्बा घुंगट मार के,
आजा राधे प्यारी रे अटरियाँ सुनी पड़ी,

मैं कैसे आउ मेरे बाबुल जी खड़े है,
बाबुल जी खड़े है, मेरे काका जी खड़े है
पायल मेरी भजनी हो अटरियाँ सुनी पड़ी,
आजा मेरी सजनी रे अटरियाँ सुनी पड़ी,

मैं कैसे आउ मेरे फूफा जी खड़े है,
फूफा जी खड़े है संग बुआ जी खड़ी है,
पायल मेरी भजनी हो अटरियाँ सुनी पड़ी,

पायल उतार के लम्बा घुंगट मार के,
आजा राधे प्यारी रे अटरियाँ सुनी पड़ी,

मैं कैसे आउ मेरे भाइयाँ जी खड़े है,
भैया जी खड़े है मेरी भाभी जी खड़ी है,
पायल मेरी भजनी हो अटरियाँ सुनी पड़ी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10996/title/shyam-bhulaawe-radha-na-aawe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |